शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

# नियमित गतिविधि एवं शिविर प्रतिवेदन

# 2020-21

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको द्वारा सिरपुर पहुंच मार्ग पर लगे पेड़ों पर किया जा रहा पेंटिंग कलाकारी का कार्य



सिरपुर पहुंच मार्ग की शोभा बढ़ा रही है स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए पेंटिंग



सिरपुर पहुंच मार्ग की शोभा बढ़ा रही है स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए पारंपरिक पेंटिंगो के लिए प्राचार्य महोदया ने की तारीफ



शासकीय एमवीपीजी कॉलेज के रा.से.यो. कैडेटस ने की हर्बल गार्डन की देखभाल

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई




महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुलिस महिला शक्ति टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा दी गई अनेक जानकारी




शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में पुलिस टीमों द्वारा मनाया गया महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 2 दिसंबर 2021

haribhoomi.com

...ों का आंगनबाड़ी केंद्रों में सर्वे कार्य, ले रहे...

नोडल अधिकारी ब्लू ब्रिगेड राजेश्वरी सोनी, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में स्वयं सेवा का कार्य चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरोंडाबाजार के आंगनबाड़ी के केन्द्र 2 व 3 का सर्वे स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र में गर्भवती व धात्री माताओं को टीकाकरण, पोषण से बचाव, कुपोषित बच्चों की जानकारी, पोषण आहार आदि के संबंध में जानकारी ली गई। बच्चों के अधिकार व चाइण्ड हेल्प लाइन नं. 1098 के बारे में अवगत कराया गया। सर्वे के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में ...




शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको व ब्लू ब्रिगेड टीमों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है सर्वे का कार्य

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. व रेड रिबन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन एवं एवं रंगोली प्रतियोगिता

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



स्वयंसेवकों द्वारा गांव गांव में दी जा रही है मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग की जानकारी



**नवभारत**

...वार 23 जून 2021

...abharat.news

@navabharatcg

नवभारत कार्यालय ❖ महासमुंद.

www.navbharat.org

शा. पीजी कॉलेज की रासेयो महिला ईकाई ने भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित वृहद वैक्सीनेशन कार्य में कोविड -19 से स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये चलाये जा रहे अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं. वैक्शीनेशन सेंटर में पूरे समय तक कार्य कर सहयोग प्रदान किया है.

डॉ. ज्योति पांडेय प्राचार्य, डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा एवं श्रीमती राजेश्वरी सोनी रासेयो के निर्देशन में स्वयं सेविकायें भी कार्य कर रही है. बृजराज पाठशाला स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है. उसमें दिनांक पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की स्वयं सेविकाओं ने लगातार स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ सहयोग किया लोगों की पर्ची बनाने में रजिस्ट्रेशन करने में सुरक्षित 2 गज की दूरी में बैठाने में एवं टीकाकरण पश्चात् आधा घंटा स्वंय सेविकायें वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय की छात्रायें है. जिससे कु. भारती साहू, वंदना सेन, बरखा तिवारी, चेनिका चोपड़ा, सुधा यादव, आरती सिन्हा, रोशनी बरिहा, एवं अन्य छात्राएं स्वयं एनएसएस से प्रेरित होकर

वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाने स्वयंसेवक निभा रहे अपना योगदान



# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
# स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



2021 महासमुंद जिला हरिभूमि 12

# नवाचारी गतिविधियों की प्रयोगशाला है महासमुंद राष्ट्रीय सेवा योजना

## रासेयो कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय निदेशक, स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर हम बढ़ रहे आगेः कबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण करने रासेयो निदेशालय भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक एएस कबीर, छग राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंग एवं पं रविशंकर विवि के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ नीता बाजपेई पहुंचे।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात डा मालती तिवारी, सरिता तिवारी, डॉ सरस्वती शर्मा, राजेश्वरी सोनी एवं सितोष जुल्फे ने सभी अतिथियों का मोमेंटो पौधा, साल, श्रीफल और बैच से स्वागत किया गया। रासेयो के जिला संगठक डॉ मालती तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए महासमुंद जिले में इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ की अभिनव योजना अभियान की जानकारी दी। कोविड-19 के चलते ब्लू ब्रिगेड द्वारा जिले में 20 गांव में अभियान चलाया जा रहा है। बालिका दिवस पर सभी बालिकाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

क्षेत्रीय निदेशक कबीर ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को कहा कि स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी की ऊर्जा से देश को ऊर्जा प्राप्त होती है। प्रत्येक स्थिति में स्वयं सेवकों के द्वारा किए गए कार्य के बारे में बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कहीं। डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिका हमारी राष्ट्र की धरोहर है। शिक्षित एवं स्वावलंबी बनाकर राष्ट्रीय सेवा योजना उन्हें नेतृत्व क्षमता प्रदान करती है। महासमुंद रासेयो में नवाचारी गतिविधियों की प्रयोगशाला है, जहां पर हम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की नित नए प्रयोग करते हैं और उन कार्य को परिणाम देने का प्रयास करते है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं के साथ अगर कोई अधिक उम्र की व्यक्ति है, वह भी अपने आप को युवा महसूस करता है और कार्य के लिए उत्सुक रहता है।

डॉ नीता बाजपेई ने सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा अर्थात एक ऐसी वायु जिसको अपने आप को शुद्ध वायु की ओर प्रेरित करना है और राष्ट्रीय सेवा योजना में बालिकाएं को जोड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास समाज सेवा के माध्यम से करती है। उन्होंने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवकों से आगे बढ़कर नया काम और सेवा करने प्रेरित किया। स्वयं सेव[...] प्रकाशमणि साहू 3 साल [...] गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दे[...] कोविड-19 में किए जा [...] कार्यक्रमों, ब्लू ब्रिगेड और यूनिसे[...] के संयुक्त तत्वावधान मास्क [...] वितरण, सैनिटाइजर एवं जि[...] प्रशासन के साथ कार्यों [...] जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम [...] संचालन कार्यक्रम अधिकारी अज[...] कुमार राजा एवं आभार प्रद[...] सरिता तिवारी ने किया। इस अवस[...] पर स्वयंसेवक प्रकाशमणि सा[...] सूरज वर्मा, रोहित, रवि किश[...] जागेश्वर, धनेश्वरी साहू, पूर्णिमा सा[...] शीतल साहू, वंदना केसरवान[...] बरखा तिवारी, वंदना सेन आ[...] उपस्थित रहे।

कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय निदेशक ए एस कबीर एवं छत्तीसगढ़ राज्य एन.एस.एस अधिकारी डॉक्टर समरेंद्र सिंह व पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के रा.से.यो. कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर निता बाजपेई




30.01.2021 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ मालती तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला व पुरुष इकाई व स्वयंसेवकों द्वारा लिया नशा मुक्ति का संकल्प

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
# स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को टीका लगवाने के लिए कर रहे जागरूक

### रासेयो स्वयंसेवकों ने कोरोना टीकाकरण के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान

**महासमुंद/बिरकोनी (नईदुनिया न्यूज)।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व यूथ रेडक्रास इकाई के वालिंटियर्स अधिकारियों के निर्देशन में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अपने-अपने ग्रामों में जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वालिंटियर्स ने वैक्सीनेशन बूथों में शारीरिक दूरी का पालन करवाते हुए टीकाकरण में सहायता प्रदान कर रहे हैं। ग्रामों में डोर टू डोर संपर्क कर 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने जागरूक कर रहे। इसके साथ ही साथ उन्होंने स्वनिर्मित मास्क का वितरण कर ग्रामीणों से अपील की कि जब भी घर से बाहर जाएं मास्क अवश्य पहनें। स्वयंसेवकों ने कोरोना गाइडलाइन का पालन करने का आग्रह किया।

डा. मालती तिवारी, अशोक गिरी गोस्वामी, प्रोफेसर अजय राजा के निर्देशन में ग्राम मचेवा में वालिंटियर्स गजेंद्र पटेल, रोहित ढीमर, कमलेश देवदास, ऋषभ राजपूत, मनीष चौहान, ग्राम भोरिंग में स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, भूपेंद्र साहू, सुशील निषाद, देवेंद्र साहू, तिलक चंद साहू, अजय साहू, रूपलाल साहू, वीरेंद्र साहू, ग्राम मुस्की में स्वयंसेवक मेघराज साहू, कुलेश्वर साहू, पुरुषोत्तम प्रजापति द्वारा यह कार्य किया गया। स्वयंसेवक लक्ष्मण सिन्हा, दुर्गेश पटेल, सूरज प्रकाश वर्मा, ठलेश साहू, पूर्णिमा साहू अपने-अपने वार्डों में जन-जागरूकता अभियान चलाया।

पात्र लोगों को टीका लगवाने अपील करते स्वयंसेवक। • नईदुनिया

#### तेंदूकोना में सुबह छह से दोपहर दो बजे तक खुलेंगी दुकानें

**तेंदुकोना (नईदुनिया न्यूज)।** कोरोना संक्रमण की स्थिति दिनोंदिन भयावह होते जा रही है। प्रदेश सरकार ने लाकडाउन का निर्णय लेकर कलेक्टर पर छोड़ दिया है। वहीं प्रदेश के कई जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर दुकानों के खुलने का समय निर्धारित किया गया है। इसी बीच महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत तेंदूकोना ने कोरोना नियंत्रण के लिए खुद से कदम उठाया है। कोरोना संक्रमण को लेकर यहां के पंच परमेश्वर चिंतित हैं। ग्राम पंचायत तेंदुकोना के निर्णय के अनुसार तेंदुकोना की समस्त दुकानें (मेडिकल व पेट्रोल पंप को छोड़कर) सोमवार पांच अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक ही खोलने का निर्णय लिया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने संबधित अधिकारियों को सूचना दे दी है। हालांकि अभी तक कोरोना संक्रमण को जिले में रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू है।



नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Mahasamund - 09 Apr 2021 - 09msd4


### डोर टू डोर संपर्क कर स्वस्थ रहने का आह्वान

• नवभारत कार्यालय | महासमुंद.
www.navbharat.org

शा. पीजी कॉलेज के रासेयो इकाई व युथ रेडक्रॉस इकाई के वालेंटियर्स द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रासेयो गोदग्राम मचेवा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन के बारे में बताया.

इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना है. इस वक्त कोरोना महामारी का खौफ फैला हुआ है.ऐसे में जरूरी है कि जब पूरी दूनिया कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे से जुझ रही है हम अपने स्वास्थ्य के प्रति और जागरूक हो जाये. ताकि, इस महामारी से जल्द निजात पाई जा सके. यही वजह है कि इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है. इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे का थीम है. एक निष्पक्ष स्वस्थ्य दुनिया का निर्माण, इसी थीम पर स्वयं सेवकों ने ग्राम मचेवा में डोर टू डोर संपर्क कर ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, संतुलित व पौष्टिक आहार ग्रहण करने, तंबाकू व शराब का सेवन न करने, घर व घर के आसपास के परिसर व नालियों को साफ रखने का संदेश दिया गया. स्वयं सेवकों द्वारा दीवारों पर नारा लेखन कर ग्रामीणों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम के लिये मास्क व सेनेटायजर का नियमित प्रयोग करने वैक्सीन लगवाने व वैक्सीन के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रामक बातों पर ध्यान न देने का आव्हान किया. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गोद ग्राम मचेवा में स्वयं सेवक गजेन्द्र पटेल, दुर्गेश पटेल, मेघराज साहू, टोमन भंडारी, ठलेश साहू, सूरज प्रकाश वर्मा, रोहित ढीमर, कमलेश देवदास, ऋषभ राजपूत, मनीष चौहान, कु. ईश्वरी ध्रुव द्वारा यह जन जागरूकता अभियान में सहयोग किया. उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. मालती तिवारी, अशोक गिरी गोस्वामी, प्रो. अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया.

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कोरोना टीकाकरण के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान घर-घर जाकर लोगों को टीका लगवाने हेतु किया जागरूकएवंदीवाल पर किया जा रहा है नारा लेखन का कार्य







घर-घर जाकर कोरोना से बचाव हेतु कर रहे हैं जागरुक एवं दीवाल पर किया जा रहा है नारा लेखन का कार्य